आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-188- ● कटनी ● सोमवार, 9 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

## आज सावन का तीसरा सोमवार



आज सावन माह का तीसरा सोमवार श्रद्धा से मनाया जा रहा है। सुबह पांच बजे से शिवालयों में शिवजी के अभिषेक शुरू हो गए हैं। दिनभर शिवजी की आराधना का दौर चलेगा। ज्योतिषियों के अनुसार भोलेनाथ का विशेष पूजन से अखंड सौभाग्य, पूर्ण आयु, संतान प्राप्ति, संतान की सुरक्षा, कन्या विवाह, अकाल मृत्यु निवारण व आकस्मिक धन की प्राप्ति होती है।



# विजेताओं की आज स्वदेश वापसी

### शाम 6.30 बजे से शुरू होगा सम्मान कार्यक्रम

**टोक्यो।** ओलंपिक में ऐतिहासिक और यादगार प्रदर्शन करने के बाद आज भारतीय एथलीट स्वदेश लौटेंगे। टोक्यो से वतन लौटने वालों में गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और पुरुष हॉकी टीम के अलावा कई अन्य खिलाड़ी भी होंगे। भारत लौटने पर सभी खिलाड़ियों को दिल्ली स्थित अशोका होटल में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए खिलाड़ियों से रूबरू होंगे। स्पोर्ट्स अथॉरिटी आफ इंडिया (साई) की तरफ से पहले मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन होना था लेकिन खराब मौसम की वजह से अब इसे अशोका होटल में आयोजित किया जाएगा। ये कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ कई पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी और भारत सरकार के अधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी खिलाड़ी आज शाम 5.15 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

गौरतलब है कि अन्य कई पदक विजेता और भारतीय एथलीट पहले ही स्वदेश लौट चुके हैं। लेकिन मीराबाई चानू, पीवी सिंधू, रवि दहिया और लवलीना बारगोहेन ये सब भी आज के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### भारत के सात पदक

भारत ने इस बार के ओलंपिक में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारतीय दल ने एक स्वर्ण पदक समेत कुल 7 पदक जीते। इसमें नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण, वेटलिफ्टिंग में मीराबाई तो कुश्ती में रवि दहिया ने रजत पदक जीता। इनके अलावा बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, पहलवान बजरंग पूनिया और पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

## फटाफट खबरें




### एमपी के 81.18 लाख किसानों के खाते में आये 2000

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के 81 लाख 18 हजार किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि के 1623 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर किए। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कार्यरत हैं। आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2000 रुपये प्रति किसान ट्रांसफर की गई, जिससे मध्य प्रदेश के 81.18 लाख कृषक भाई लाभान्वित हुए। सीएम शिवराज ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश के समस्त किसान भाइयों की ओर से प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

### इंदौर आ रही विस्तारा के विमान से पक्षी टकराया, हादसा टला

**इंदौर।** अहिल्याबाई हवाईअड्डे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सोमवार सुबह दिल्ली से इंदौर की आने वाले एक निजी एयरलाइंस के विमान में बर्ड हिटिंग हो गई। इस फ्लाइट में करीब 100 यात्री थे और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। सूत्रों के अनुसार, निजी विमान कंपनी विस्तारा की फ्लाइट यूकेएन 213 सुबह आठ बजे दिल्ली से इंदौर आती है। इंदौर पहुंचने के दौरान विमान में से एक पक्षी टकरा गया। पहले तो पायलट को लगा कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई है। लेकिन बाद में पता चला कि विमान से पक्षी टकरा गया है। हालांकि पायलट ने विमान को सकुशल इंदौर हवाईअड्डे पर लैंड कराया।

### ममता बोलीं- तृणमूल नेताओं पर हमले के पीछे शाह का हाथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में उनके भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी समेत अन्य छात्र नेताओं पर हुए हमले के लिए शाह जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे इन सब हरकतों से डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने भाजपाशासित त्रिपुरा में अभिषेक और अन्य नेताओं पर अलग-अलग जगह हुए हमलों के एक दिन बाद यह आरोप लगाया। त्रिपुरा में 2023 में होने वाले चुनाव से पहले टीएमसी अपनी जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है।



### हिंदुओं पर कट्टरपंथियों का हमला, घरों और मंदिरों में जमकर तोड़फोड़

**ढाका।** बांग्लादेश के खुलना जिले में शनिवार को मौलवियों के उकसाने पर कट्टरपंथियों की भीड़ ने 50 से ज्यादा हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया। इस दौरान भीड़ ने 10 से अधिक मंदिरों को अपनी चपेट में लिया और जमकर तोड़फोड़ की।स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार कट्टरपंथियों ने कई दुकानों पर भी हमला बोला। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि हमलावर पड़ोसी शेखपुरा, बामनडांगा और चाडपुर इलाकों के थे। लेकिन उनकी पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं इस घटना के बाद से हिंदू समुदाय के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस हमले की शुरुआत शुक्रवार की रात हिंदू और मुस्लिम स्थानीय लोगों के दो समूहों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हुई।स्थानीय मस्जिद के एक मौलवी ने एक हिंदू धार्मिक जुलूस निकाले जाने का विरोध किया और लोगों को उकसाने लगा। वहीं इसके बाद कट्टरपंथियों ने शनिवार शाम को गांव के हिंदू घरों पर हमला कर दिया।

### संसद में आज अहम बिल पेश करेगी सरकार, विपक्ष का मिला समर्थन

# ओबीसी आरक्षण पर सरकार का बड़ा दांव

**नई दिल्ली ।** संसद का मानसून सत्र अपने अंतिम चरण की तरफ बढ़ रहा है। आज से आखिरी सप्ताह की कार्यवाही शुरू हो गई है। हालांकि, अभी तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा है। आज सदन में कई अहम बिल पेश किए जाने हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार लोकसभा में संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021 पेश करेंगे। इसके साथ ही लोकसभा में 6 विधेयक रखे जाएंगे।



इस विधेयक का उद्देश्य पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए राज्यों को अधिकार देना है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय कैबिनेट ने इसपर मुहर लगाई थी। इस संशोधन की मांग कई क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ सत्ताधारी पार्टी के ओबीसी नेताओं ने भी की है। वहीं, विपक्षी दलों ने इस विधेयक को समर्थन देने का एलान किया है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद विधेयक पेश

सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद यह बिल संसद में पेश किया जाएगा। मई में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि केवल केंद्र को ये अधिकार है कि वह ओबीसी समुदाय से जुड़ी लिस्ट तैयार कर सके। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इसपर आपत्ति जाहिर की गई थी, इसी के बाद अब केंद्र सरकार संविधान संशोधन बिल लाकर इसे कानूनी रूप देना चाहती है।

### नए विधेयक से ये होगा असर

संसद में संविधान के अनुच्छेद 342-ए और 366(26) सी के संशोधन पर मुहर लगने के बाद राज्यों के पास ओबीसी वर्ग में अपनी जरूरतों के मुताबिक, जातियों को अधिसूचित करने की शक्ति मिलेगी। इससे महाराष्ट्र में मराठा समुदाय, गुजरात में पटेल समुदाय हरियाणा में जाट समुदाय और कर्नाटक में लिंगायत समुदाय को ओबीसी वर्ग में शामिल करने का मौका मिल सकता है। ये तमाम जातियां लंबे समय से आरक्षण की मांग कर रही हैं, हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इन मांगों पर रोक लगाता रहा है।



### अनियंत्रित ट्रक झोपड़ी में घुसा, 8 की मौत, 2 घायल

**अमरेली, गुजरात**

गुजरात के अमरेली में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे करीब दस मजदूरों को रौंद दिया। इस हादसे में 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। तड़के तीन बजे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे लोगों को कुचल दिया। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। अमरेली के पुलिस अधीक्षक निर्लिप्त राय ने बताया कि मृतकों में आठ और 13 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। बधादा गांव में हुए हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। वाहन चलाते समय झपकी आने से ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया था और ट्रक सड़क किनारे बनी एक झोपड़ी में जा घुसा, जिसमें 10 लोग सो रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में दो बुजुर्ग भी शामिल हैं।पुलिस ने सबसे पहले ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया और ट्रक को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि ड्राइवर कहीं शराब पीकर तो ट्रक नहीं चला रहा था?

### भारत जोड़ो आंदोलन के आगाज के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषण



**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर रविवार को सेव इंडिया फाउंडेशन और उसके साथ देशभर से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने भारतीय संविधान में शामिल 222 ऐसे कानूनों को समाप्त करने की मांग की, जिन्हें ईस्ट इंडिया कंपनी के हित में बनाया गया था। संसद मार्ग पर मार्च निकाला गया और आगामी संसद सत्र में पांच स्वदेशी कानून बनाने की मांग की गई। इसी के साथ यहां कई भड़काऊ भाषण भी दिए गए जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। इसी को लेकर दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# MP में हंगामे के साथ शुरू हुआ मानसून सत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र की शुरुआत हंगामे के साथ हुई, आदिवासी दिवस पर अवकाश की मांग को लेकर आदिवासी विधायकों और कांग्रेस ने हंगामा किया। इसके पहले कांतिलाल भूरिया और आदिवासी विधायकों ने विधानसभा में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। ये सभी विधायक आदिवासी वेशभूषा में पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कमल नाथ के बीच तीखी बहस भी हुई। कमल नाथ ने विश्व आदिवासी दिवस को लेकर भी श्रद्धांजलि दी, इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा किसी दिवस की श्रद्धांजलि होती है क्या। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस दिवंगत को श्रद्धांजलि के नाम पर घटिया राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी दिवस मनाएंगे और अवकाश भी रहेगा। निधन उल्लेख के बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कमल नाथ ने कहा कि



आज विश्व आदिवासी दिवस पर सरकार ने आदिवासियों का अपमान किया। हमने विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश दिया था, प्रदेश सरकार ने उस अवकाश पर रोक लगाई। भाजपा सरकार आदिवासी विरोध है, आदिवासी कोई ठेका और कमीशन का भूखा नहीं है। आदिवासी तो सिर्फ सम्मान का भूखा है। आदिवासी दिवस पर हमारी सरकार ने छुट्टी घोषित की थी और हर ब्लॉक में इस दिवस को मनाने के लिये पैसा भी भेजा था, ताकि आदिवासी वर्ग अपना त्योहार धूमधाम से मना सकें। कमल नाथ ने कहा कि यह विश्व आदिवासी दिवस है, भाजपा सरकार ने तो इसे अब आदिवासी अपमान दिवस बना दिया है, अगर छुट्टी कर देते तो क्या फर्क पड़ता।

### निर्दलीय विधायक शेरा बोले मेरी पत्नी को कांग्रेस से टिकट पक्का हो गया

विधानसभा में निर्दलीय विधायक शेरा भैया अपनी पत्नी जयश्री ठाकुर के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से मेरी पत्नी को खंडवा लोकसभा सीट से 100 प्रतिशत टिकट मिल रहा है। अगर कांग्रेस का सर्वे सच्चा है तो नाम हमारा ही होगा। उन्होंने कहा कि अरुण यादव को टिकट नहीं मिलेगा। आदिवासी हमारी ताकत है, हमारी जान है।

### ड्रोन से अमृतसर में गिराए हथियार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पंजाब सीमा पर वह लगातार इस कोशिश में लगा हुआ कि किसी भी तरह अपने साथियों तक हथियार पहुंचा सके। पंजाब के अमृतसर में पाकिस्तान ने ड्रोन के जरिए हथियारों का जखीरा भेजा। हालांकि गांव वालों की सतर्कता के बाद पंजाब पुलिस ने इसे बरामद कर लिया है। पाकिस्तान ने सात थैलियों में आईईडी, हैंड ग्रेनेड और कारतूस भेजे थे। सूचना के आधार पर पंजाब पुलिस ने इन हथियारों को बरामद कर पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। पंजाब डीजीपी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमें सूचना मिली कि अमृतसर के पास के एक गांव से 7-8 अगस्त की रात ड्रोन को देखा गया। इसके साथ लोगों ने कुछ गिरने की आवाज भी आवाज सुनी। इसके बाद हमें कुछ संदिग्ध वस्तु मिलने की जानकारी मिली और फिर जब छानबीन की गई तो सात थैलियों में आईईडी, हैंड ग्रेनेड और कारतूस मिले। इस बात की जानकारी राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों को भी भेज दी गई है।





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज औरैया व इटावा के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। जिला प्रशासन के मुताबिक यमुना में आई बाढ़ से अजीतमल और औरैया तहसील के 24 गांव प्रभावित हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित गांवों का दोपहर में हवाई दौरा करेंगे।

### आज से पांच दिनों तक सस्ता सोना बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार जनता को सस्ती दरों पर सोना खरीदने का मौका दे रही है। निवेशक नौ अगस्त यानी आज से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना के तहत बाजार मूल्य से कम दाम में सोना खरीद सकते हैं। यह योजना सिर्फ पांच दिन के लिए (नौ अगस्त से 13 अगस्त तक) खुली है। इसलिए अगर आप इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, तो देर न करें। इसकी बिक्री पर होने वाले लाभ पर आयकर नियमों के तहत छूट के साथ और कई लाभ मिलेंगे। सरकार की ओर से गोल्ड बॉन्ड में निवेश के लिए यह वित्त वर्ष 2021-22 की पांचवीं श्रृंखला है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया था कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड मई से लेकर सितंबर के बीच छह किस्तों में जारी किए जाएंगे। अगर आप भी योजना में निवेश करने की सोच रहे हैं तो आइए जानते हैं इसके तहत सोने की कीमत कितनी है।

# अलर्ट: वैक्सीन नहीं लेने वालों के लिए खतरनाक हो सकती है तीसरी लहर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी इतनी जल्दी खत्म होने वाली नहीं है। विशेषज्ञों ने भी इसको लेकर चेतावनी दी है और सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि इसके बावजूद लोग बिना किसी डर के आराम से जगह-जगह घूम-फिर रहे हैं। चूंकि देश में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण अभियान तो काफी तेजी से चल रहा है और अब तक 50 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं, लेकिन इस बीच महामारी की तीसरी लहर की चिंता सताने लगी है। हम दूसरी लहर की तबाही तो देख ही चुके हैं कि कितने लोग मौत के मुंह में समा गए और अब अगर तीसरी लहर आती है तो वो कितनी तबाही लाएगी, ये बता पाना मुश्किल है। इसलिए सभी लोगों से कोरोना से बचने के नियमों का पालन करने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा वैक्सीन लेना भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि यह मौत के खतरे से आपको बचा सकता है।



**क्या कोमोरबिडिटी वाले मरीजों को अपना चेकअप करा कर वैक्सीन लेनी चाहिए?**

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेंद्र के. धमीजा कहते हैं, जो भी क्रोनिक बीमारी वाले मरीज होते हैं, जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, अस्थमा आदि, तो उनका हर महीने चेकअप होता रहता है। लेकिन अगर चेकअप नहीं भी हुआ है और दवा चल रही है, तो वैक्सीन लेने के लिए जरूरी नहीं है कि पहले चेकअप कराएं। आप जाएं और वैक्सीन लगवा लें। डॉ. राजेंद्र के. धमीजा कहते हैं, %जी हां, लॉन्ग कोविड में हमने देखा है, करीब तीन महीने ठीक होने को हैं और स्मेल (सूंघने की क्षमता) नहीं आ रही है। इसके अलावा खांसी, थकान, सांस फूलना, चिड़चिड़ापन, कंफ्यूजन होना, भूलना आदि जैसे कई लक्षण देखने को मिल रहे हैं। इन लॉन्ग कोविड के लक्षणों को लेकर सरकार जल्द ही गाइडलाइन जारी करेगी। इसके लिए कमिटी बनाई गई थी, जिसमें देखा गया कि किस बीमारी में पोस्ट कोविड में इलाज की जरूरत है और किसमें नहीं या किसे गंभीरता से लेना चाहिए।डॉ. राजेंद्र के. धमीजा कहते हैं, %देश में कोरोना की स्थिति अभी थमी है, लेकिन वायरस कहीं गया नहीं है। खतरा जितना पहले था, उतना ही अभी भी है। कई दूसरे देशों में केस एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। इसलिए हमें भी सतर्क रहना होगा। कोविड नियमों के साथ ही वैक्सीन जरूर लगवाएं, क्योंकि जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाई है, उनके लिए आने वाली लहर ज्यादा खतरनाक हो सकती है।







# कार्यकर्ताओं की बदौलत सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भाजपा

## बिरूहली में विजयराघवगढ़ विधानसभा के सभी 6 मंडलों की कार्यसमिति का



**कटनी।** विजयराघवगढ़ के ग्राम बिरुहली में विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों की एक ही परिसर में अलग-अलग कार्यसमिति संपन्न हुई। मंडल पुर्नगठन के बाद निर्मल छाया हॉलीडे रिसॉर्ट में सभी 6 मंडलों कैमोर, विजयराघवगढ़, कांटी, सिंगौड़ी, बरही, खितौली का सम्मान किया गया। सभी मंडलों में कार्यसमिति के दौरान पार्टी संगठनों के पितृ पुरुषों व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुई। प्रथम मंडल कार्यसमिति में मंडलों के प्रभारी एवं मुख्य वक्ताओं सभी कार्यकर्ताओं को मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, मंडल प्रभारियों एवं मुख्य वक्ताओं पीतांबर टोपनानी, श्रीमती अलका जैन, श्रीमती ममता पटेल, सतीश तिवारी, मृदुल द्विवेदी, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती भावना सिंह, श्रीमती किरण जैन, सुनील उपाध्याय, दीपक टंडन सोनी, सूर्यकांत गौतम, रम्मू साहू, अंबरीश वर्मा, दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को पार्टी संगठन की रीति-नीति संगठनात्मक कार्यों व विषयों की जानकारी दी। सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक एकजुट होकर के कार्य करने व पार्टी को मजबूत करने को कहा की। वक्ताओं ने बताया कि पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता के सुख-दुख में साथ होती है। पिछ्ले 2 सालों में कोरोना काल के दौरान प्रदेश सरकार एवं कार्यकर्ताओं ने जनता की सेवा में कोई कमी नहीं रखी। भाजपा कार्यकर्ता वेक्सिनेशन लगे हुए हैं। लोगों को जागरूक करने में भी लगे हुए है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आज हमारा संगठन बहुत ही मजबूत है। कार्यकर्ता के त्याग-तपस्या के बल पर ही दोबारा पिछ्ले 4 बार से मप्र में भाजपा की सरकारें बन रही है। दो बार से के केंद्र में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा लगातार जनता की सेवा में लगे हुए हैं। नई-नई जनकल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभ दिलाकर उनका जीवन सरल करने में लगे है। हमें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है। हमारे युवा कार्यकर्ता बहुत सजग हैं। उसमें और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। हम आप सब मिलकर गांव-कस्बे घूम कर सरकार द्वारा किए गए कार्य को मजबूती से आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लें। हम आज कार्यकर्ता ही नहीं एक सशक्त प्रहरी हैं। मंडल कार्यसमिति के दौरान मंडल अध्यक्षों में मनीष देव मिश्रा, अंकुर गौवर, जयवंत सिंह चौहान, प्रमोद सोनी, केशव यादव, शिवगोपाल चतुर्वेदी एवं मंडल पाधिकारियों ने मुख्य वक्ताओं व प्रभारियों का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यसमिति के दौरान राजनैतिक प्रस्ताव व मंडल महामंत्रियों द्वारा कोरोना काल के दौरान खत्म हुए कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के प्रति शोक श्रद्धांजलि दी गई।

# आधा सैकड़ा हितग्राहियों को बांटे राशन के पैकेट

## विजयराघवगढ़ तहसील में अन्न उत्सव, ग्राम पंचायतों में आयोजन





**विजयराघवगढ़।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत शनिवार को तहसील क्षेत्र की राशन दुकानों में पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उचित मूल्य दुकान कलहरा में किया गया। इस अवसर पर ग्राम की पूर्व सरपंच सामाजिक कार्यकर्ता सुदामा गर्ग के आतिथ्य में सर्वपथम महात्मा गांधी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया, वहीं ग्राम पंचायत सचिव हरिशंकर अवस्थी द्वारा उपस्थित नागरिकों का माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जनता के नाम संदेश वाचन किया गया, इसके उपरांत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण ग्रामवासियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में पात्र गरीब वृद्धाजनों को 10-10 किलो अनाज का वितरण 50 हितग्राहियों को किया गया। इस अवसर पर राजाराम कोल, लक्ष्मण प्रसाद गर्ग, हरि शंकर अवस्थी, मुकेश कुमार यादव, भारती पटेल, राधिका त्रिपाठी, राकेश गर्ग, रजनी गर्ग, निर्मला तिवारी, रीना गर्ग, सुधा यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिवराम कोटवार सानू आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जय विरासिनी मां उचित मूल्य दुकान विजयराघवगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान कारीतलाई, शासकीय उचित मूल्य दुकान नन्हवारा में शासन के निर्देशन में गरीबों को अनाज वितरण किया गया।

## सड़क पर लगे ठेले, आवागमन बाधित



भाई और बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की शहर में तैयारियां शुरू हो गई है। पर्व को अभी हालांकि 12 दिन शेष हैं लेकिन शहर में राखी की दुकानें सजना शुरू हो गई हैं। बीच सड़क पर ठेले लगे हुए हैं और यहां ग्राहकी भी शुरू हो गई है। सड़क पर ठेलों को व्यवस्थित नहीं लगाए जाने की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों को वेबजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द में मना अन्न उत्सव





**कटनी।** ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द में बड़े उत्साह के साथ अन्न उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मूख्यमंत्री के उद्बोधन के बाद प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण आमजनों को दिखाया गया एवं मुख्यमंत्री की चिट्ठी का वाचन किया गया। उपरांत समस्त अतिथियों का स्वागत राशन डीलर सुप्रिया बिलैया द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। इस दौरान करीब 50 लोगों को थैले में 5 किलो चावल, 5 किलो गेहूं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच माधुरी भूषण पाठक, विनोद बडगैयां, आशीष दुबे, पंच रश्मि नाकरा, सपना, गोविंद रजक, महेंद्र चौबे, माधव गड़ारी, सुलेखा गुप्ता, सचिव अनीता पांडेय, हितेश बिलैया, तनिश दुबे, अवधेश मिश्रा, रामजी काछी, भूमि जयंती, प्यारेलाल चौधरी बद्री काछी, राजू काछी, विनोद चौधरी, लड्डू यादव, मनोज यादव मुन्ना कुम्हार एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# वेतन विसंगति से जूझ रहे संविदा कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** सर्व शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षामित्री के नाम सांसद विधायक विजयराघवगढ संजय पाठक बहोरीबंद प्रणव पांडे को ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को संदेश भेजा बताया कि शिक्षा अभियान का सिस्टम इन्हीं संविदा कर्मचारियों के ऊपर निर्भर करता है बावजूद इसके यह कर्मचारी वर्षों से उपेक्षा संविदा वेतन विसंगति जैसी समस्याओं से पीड़ित है कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि अनेक वर्षों से कार्यरत होने के बाद भी उनकी वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया है अप्रैल 2017 के सातवें वेतनमान का एरियर सहित भुगतान के आदेश जारी हुए थे जिन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है साथ ही माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 5 जून 2018 की नीति के अनुसार रिक्त पदों में संविलियन करने संबंधित कोई निर्णय नहीं हुआ है। सर्व शिक्षा अभियान के कर्मचारियों में ब्लॉक समन्वयक डाटा एंट्री ऑपरेटर लेखापाल छात्रावास में कार्यरत सहायक वार्डन मोबाइल स्रोत समन्वयक है ज्ञापन सौंपने में सर्व शिक्षा अभियान जिला कटनी के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी शेख अफरोज कोमल प्रसाद राकेश झारिया राखी शुक्ला कल्पना दुबे सूर्य सोनी पवन पाराशर ज्योति अग्निहोत्री सविता अग्रवाल सविता सिंह रुकमणी गौतम कंचन नामदेव आरती डेंगरे ऊषा गेड़ा प्रतिभा भारती सुनम शुक्ला सुमन बिचपुरिया उषा उपाध्याय रोहित हलदकार सौरभ शर्मा अतुल बड़गैयां लव कुमार द्विवेदी श्याम बैरागी फैज मोहम्मद वीरेंद्र सिंह एवं जिला और ब्लाक के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रीठी में तहसील पत्रकार संघ का गठन

## हरिशंकर अध्यक्ष व कौशल बने उपाध्यक्ष

**रीठी।** तहसील पत्रकार संघ रीठी की एक बैठक विगत दिवस रीठी में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले तहसील क्षेत्र के कुछ पत्रकारों को समाचार पत्रों और इलेक्ट्रानिक मीडिया में खबरें प्रकाशित और प्रसारित होने के बाद अनावश्यक दबाव बनाकर धमकाया गया। जिससे पूरे क्षेत्र के पत्रकार जगत में रोष व्याप्त है। पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर पिछले कुछ दिनों से पत्रकार संघ के गठन की कवायद चल रही थी, जिसे कल अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान रीठी तहसील क्षेत्र में तहसील पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हरिशंकर बैन को रीठी तहसील पत्रकार संघ का अध्यक्ष, कौशल तिवारी को उपाध्यक्ष, ऋषभ पाल को सचिव, उम्मेद कुशवाहा को कोषाध्यक्ष एवं संयोजक पद पर जितेंद्र यादव को नियुक्त किया गया। तहसील पत्रकार संघ के मार्गदर्शक के मण्डल में वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश उपाध्याय, विनोद दुबे, जितेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फलदार पौधे रोपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



## रीठी थाना परिसर में पारवारिक वानिकी अभियान के तहत पौधारोपण



**रीठी।** पारिवारिक वानिकी के प्रेरणा स्त्रोत राजस्थान के डूंगर कॉलेज के प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी के निर्देशन में चल रही पारिवारिक वानिकी की मुहिम के अंतर्गत कल 8 अगस्त को हरियाली अमावस्या पर रीठी थाना परिसर में पुलिस कर्मियों व पत्रकारों ने आंवला, कटहल, सहजन, अमरूद, नीबू, बरगद के पौधे रोपे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने रोप गए फलदार पौधों को रोपित करने के बाद पौधों को सुरक्षित, संरक्षित करने का संकल्प लिया, साथ ही कहा कि पर्यावरण को सहेजने पेड़ पौधे लगाना जरूरी है। इससे वातावरण, शुद्ध होने के साथ बेशकीमती वायु, लोगो को निःशुल्क मिलती है। अब समय आ गया है कि समाज के हर प्राणी को पर्यावरण को सहेजने पेड़ पौधे लगाना चाहिए, ताकि हम प्रकृति को कुछ वापस कर सके। पारिवारिक वानिकी की मुहिम के तहत घर-घर सहजन एवं फलदार वृक्ष लगाने की मुहिम प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी के द्वारा चलाई जा रही है, जिसका महाकोशल व बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पारिवारिक वानिकी कार्यकर्ता अखिलेश उपाध्याय द्वारा मुहिम चलाई जा रही है। पारिवारिक वानकी के प्रणेता प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी को हाल ही में यू एनसीसीडी द्वारा भूमि संरक्षण का दुनिया का सर्वोच्च सम्मान लैंड फॉर लाइफ अवार्ड से नवाजा गया है। फेमिलियल फॉरेस्ट्री के तहत लोगों के खेतों और आंगन में निःशुल्क फलदार पौधों का वृक्षारोपण कराया जाता है। इसी के तहत रीठी थाना परिसर में थाना प्रभारी सतीश तिवारी, एएसआई नरेंद्र सिंह बघेल, आरक्षक जयचंद्र उइके, ज्वाइंटी शर्मा, पुलिस स्टाफ रीठी, तहसील पत्रकार संघ के विनोद दुबे, जितेंद्र यादव, हरिशंकर बेन, उम्मेद कुशवाहा, कौशल तिवारी ऋषभ पाल, अखिलेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

**अजब-गजब कटनी पुलिस**

# दिसंबर 2019 में हुई चोरी, अगस्त 2021 में दर्ज हुई एफआईआर


सिटी न्यूज
तो क्या चोरों को संरक्षण दे रहे बरही थाना प्रभारी !

## हरियाणा के उतावल थाना में 2020 में बरामद हुए थे पाइप, पकड़े गए थे 6 सदस्यीय चोर,चोरों को लेकर बरही भी पहुंची थी हरियाणा पुलिस

**बरही।** विगत 11 दिसंबर 2019 को कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र के ग्राम चोरा-कनेरा, झिरिया, खन्ना से नल-जल योजना के 470 पाइप 25 लाख कीमती पाइप चोरी हुए थे, जिसकी सूचना ठेका एजेंसी आईएचपी के पीएम राकेश पटेल ने बरही पुलिस को दी थी, लेकिन बरही थाना के तत्कालीन टीआई राजेश दुबे ने टाल-मटोल करते हुए एफआईआर दर्ज नही की थी, जबकि वारदात के 1 माह बाद ही हरियाणा प्रान्त के उतावल थाना में चोरी की पाइप के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 6 सदस्यीय चोर पलवल पुलिस के हत्थे चढ़े थे। चोरों को लेकर हरियाणा पुलिस के एसआई हरिओम बरही भी पहुंचे थे, बावजूद इसके तत्कालीन थाना प्रभारी ने यह कहते हुए हरियाणा पुलिस को गुमराह किया था कि यहां इस तरह की कोई वारदात ही नही हुई, जिसके बाद चोरों को लेकर हरियाणा पुलिस वापस लौट गई। अब वारदात के डेढ़ साल बाद पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर बरही पुलिस ने इसी मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो कटनी जिले की पुलिस की अजब-गजब कार्यशैली का जीता जागता उदाहरण है। हरियाणा पुलिस ने 18 दिसंबर 2019 को आइसर कंटेनर क्रमांक एचआर 74-6628 एवं एचआर 74 बी 4740 में चोरी के पाइप बरामद करने के साथ ही आरोपी आरिफ, साकिर, इरशाद निवासी अकलीपुर, थाना नगीना, जिला-नूह सहित अन्य को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों को लेकर बरही आई हरियाणा पुलिस वारदात स्थल भी पहुंची थी, लेकिन बरही पुलिस ने गुमराह करते हुए वापस भेज दिया था। यह भारत मे इस मामले में हरियाणा से प्राप्त बरामद हुए माल व चोरों की फोटो के साथ खबर प्रकाशित की थी।

### अब पुलिस टीम गई हरियाणा

इस अजब-गजब मामले में बरही टीआई संदीप अयाची ने बताया कि डेढ़ साल पूर्व चोरी के इस घटनाक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मिले निर्देश के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज करते हुए पुलिस टीम को हरियाणा रवाना किया गया है।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सेवा का लिया संकल्प

## जायंट्स ग्रुप आफ मुड़वारा की नई टीम ने ली सेवा की शपथ







**कटनी।** जायंट्स ग्रुप आफ मुड़वारा का शपथ ग्रहण समारोह 7 अगस्त शनिवार को इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के डिप्टी वर्ल्ड चेयरमैन एस पी चतुर्वेदी, कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एम जे एस लांबा, शपथ अधिकारी श्रीमति दीपिका शर्मा, संजय सोनी, आकाश सिंघई ने जायंट्स परंपरानुसार दीप प्रज्ज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना की। मंचासीन अतिथियो का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। फेडरेशन आफीसर श्रीमति निशा तिवारी, रणवीर कर्ण का स्वागत डॉ. अनिल झामनानी, डॉ चित्रा प्रभात, रविन्द्र वतरा, पलक वतरा मानसी झामनानी ने किया। शपथ अधिकारी श्रीमति दीपिका शर्मा द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सोनी एवं टीम के आकाश सिंघई, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. अनिल झामनानी, पलक बत्रा और नये सदस्य अमन खरे को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रशासन संचालक आकाश सिंघई ने वर्ष 2020 में किये गये कार्यों की जानकारी दी, जिसमे पीपीई किट कटनी थाने में, मास्क का वितरण, बच्चों को चप्पल, जूते दिये गये, कोरोना के समय अनाज भी दिया गया, आदि सेवा कार्य किये गये। जायंट्स बीओडी सदस्य राजा सरावगी द्वारा 2 ऑक्सीजन कनसंटेटर कोरोना के समय, जिन्हें आक्सीजन की जरूरत होगी, जनता को निःशुल्क उपलब्ध कराने घोषणा की गई। विश्व उपाध्यक्ष एस पी चतुर्वेदी ने कहा कि मनुष्य अपने कर्म से महान बनता है। ईश्वर ने हमे जन्म ही दिया है नेक कार्य करने के लिये। जायंट्स के द्वारा किये गये रचनात्मक कार्यों से लोग लाभान्वित हो, लोग आप से जुड़ते जाएं। इस तरह कार्य करे। फेडरेशन अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि सफल तभी होंगे, जब सेवा कार्य से एक भी व्यक्ति लाभान्वित होता है, तो हमारा सेवा कार्य, सही दिशा में जा रहा है। स्पेशल कमेटी सदस्य एम जे एस लांबा ने कहा कि हम सभी अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सेवा पहुंचाएं, जहा हमारी नजर ही नहीं जाती। हम काम तो बहुत करते है। परिणाम शत प्रतिशत नहीं आते। शत प्रतिशत परिणाम के लिये अधिक रचनात्मक कार्य करे, तभी सेवा कार्य सफल होंगे। आकाश सिधंई ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अनिल नेमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमति सतवीर कौर लांबा, डॉ. उमा निगम, चित्रा प्रभात, डॉ. अनिल झामनानी, मानसी झामनानी, रविन्द्र बत्रा, पलक बत्रा, जायंट्स सहेली की अध्यक्ष श्रीमति प्रियंका श्रीवास्तव, जायंट्स मार्बल सिटी के दिनेश बाटला, जायंट्स वैदेही की अध्यक्ष श्रीमति संतोष जैन, सविता पुरवार, सौरव गुप्ता आदि शामिल हुए।




# जमीनी स्तर पर विहिप व बजरंग दल को मजबूत बनाने नई नियुक्तियां




**कटनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आगामी कार्य योजना एवं संगठन विस्तार की दृष्टि से नगर के चारों प्रखंडों की अलग-अलग बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जमीनी स्तर पर संघठन कार्यकर्ता निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अजय पटेल, धर्माचार्य प्रमुख गौरीशंकर दुवेदी, जिला सह संयोजक राहुल दुबे नगर सहमंत्री अजय नामदेव की उपस्थिति में खंड स्तर की महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई जिसमें श्रीराम प्रखंड से सचिन नकारा, अज्जू अध्यक्ष, कामधेनु प्रखंड उपाध्यक्ष भागीरथ परोहा, माधव प्रखंड मंत्री अनिकेत मोर्य, शिव प्रखंड सत्संग प्रमुख राहुल तिवारी एकनवारा खंड संयोजक बैजनाथ पटेल, बड़ेरा खंड संयोजक पंकज पटेल, चाका खंड संयोजक आकाश परोहा, मंत्री योगेश परोहा, नई बस्ती खंड खंड अध्यक्ष अभिलाष द्विवेदी, खंड संयोजक सज्जन चौदहा, जगन्नाथ खंड मंत्री गौरव द्विवेदी, खंड संयोजक नीरज कुशवाहा, मुड़वारा मंत्री सुरेंद्र रजक, रंगनाथ खंड संयोजक आदेश मिश्रा, खंड मंत्री उपेंद्र प्रताप सिंह बनाए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संघठन परिवार की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्व. बद्रीप्रसाद पांडेय को किया याद



**कटनी।** एनकेजे रोड स्थित बाबा घाट हनुमान मंदिर में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्व. बद्री प्रसाद पांडेय की 42वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन पुजारी सतीश मिश्रा एवं मंदिर के समस्त सदस्यों की मौजूदगी रही। पुण्यतिथि कार्यक्रम अवसर पर पुत्रगण अम्बिका प्रसाद, अवध प्रसाद विजय कुमार, अनिल कुमार पाण्डेय एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष संतोष राय, पूर्व नगर पालिक निगम अध्यक्ष वेकंट खंडेलवाल, राजेश जायसवाल, प्रेमलाल खलीफा, राजेश सचदेवा, मनीष जैन, अशोक जांगड़े आदि की उपस्थिति रही।

# शहीद स्मारक के निर्माण में दिए योगदान पर मिला सम्मान

**कटनी।** मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन भोपाल तथा फ्रीडम फाइटर फैमिली वेलफेयर ट्रस्ट मप्र द्वारा भोपाल के गांधी भवन में बापू का 150वा जन्मवर्ष आजादी का अमृत महोत्सव 8 अगस्त को मनाया गया। इस अवसर पर राज्य के स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारीयों की प्रतिष्ठा में शहीद स्मरण एवं श्रद्धा सम्मान भी हुआ। मप्र के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी जगन्नाथ शुक्ला, राजाराम सिंह, नजर खान की उपस्थिति में प्रदेश से आए शहीदों के उत्तराधिकारियों के बीच कटनी के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सचिव पत्रकार अरविंद गुप्ता का सम्मान किया गया। मप्र स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष अजय शीतलानी, महासचिव अशोक सिंधु ने स्वागत समारोह में अरविंद गुप्ता द्वारा शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानीयों व उनके परिजनों के लिए कई सालों से किए गए प्रयासों, कटनी में शहीद स्मारक के निर्माण में दिए गए अभूतपूर्व योगदान एवं सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए शाल, श्रीफल अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि विजय दत्त श्रीधर, मुक्तेश्वर सिंह साहित्यकार एवं रमेश मराठे रिटायर्ड आईजी के कर कमलों से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अन्य सदस्य अजय बर्मन, पुन्नूलाल नामदेव, सुरेंद्र दुबे, मोहनलाल बहरे, रामकिशोर बढ़ई, जय कुमार पटेल, लता खरे, अंजली बर्मन, शारदा सिंह, दिनेश वर्मा, अनुपम जैन को भी सम्मानित किया गया। 1957 की क्रांति के अमर शहीद सरजू प्रसाद सिंह की कृति का विमोचन शहीद तात्या टोपे के वंशज विनायक टोपे द्वारा किया गया। इस कृति का संकलन विजयराघवगढ़ निवासी सुरेंद्र दुबे एवं संपादकीय अयन द्वारा किया गया है।



**भोपाल में सम्मानित हुए अरविंद गुप्ता, अमर शहीद सरजू प्रसाद सिंह की कृति का विमोचन**

# तहसील ब्राम्हण समाज बरही की नवीन कार्यकारणी का गठन

## के आर दुबे तहसील ब्राम्हण समाज, प्रवीण डब्बू नवयुवक मंडल और शिल्पा महिला ब्राम्हण समाज की बनीं अध्यक्ष



**बरही।** श्रीरामलला मंदिर प्रांगण बरही में ब्राह्मण समाज की तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष पंडित के आर दुबे को बनाया गया। महामंत्री नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष आर पी तिवारी, डॉ आर पी तिवारी, उत्तम शर्मा, रमाकांत मिश्रा, बी डी अवस्थी, सचिव राकेश द्विवेदी, राजकिशोर तिवारी, रामायण तिवारी, संगठन मंत्री आनंद तिवारी, जैनेन्द्र द्विवेदी, रोहित दुबे, सहसचिव बृजकिशोर तिवारी, रामपाल चतुर्वेदी को बनाया गया। नवयुवक मण्डल के गठन में अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, महामंत्री ऋषिराज तिवारी, उपाध्यक्ष रवि अवस्थी, रवि मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, रचित तिवारी, सचिव नवलकिशोर चतुर्वेदी, हेमराज उपाध्याय, विवेक तिवारी, संगठन मंत्री विवेक तिवारी, पंकज मिश्रा, सहसचिव अश्विनी तिवारीए अभिनव मिश्रा को बनाया गया। मीडिया प्रभारी अनिल शर्मा, नीरज तिवारी, मिथलेश त्रिपाठी को बनाया। तहसील ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्ष पद पर श्रीमती शिल्पा तिवारी को सर्वसम्मति से घोषित किया गया।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे शिक्षा विभाग के स्थानांतरण

**कटनी।** जिले के शिक्षा विभाग की स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी तरह से भ्रष्टाचार की गिरफ्त में आ चुकी है और यही स्थिति अनुकम्पा नियुक्ति के मामलों में है। कलेक्टर सहित सभी बड़े प्रशासनिक अधिकारियों से इस पर रोक लगाने के बार-बार अनुरोध के बावजूद प्रशासन का मौन आश्चर्यजनक है। मप्र शासकीय अध्यापक संगठन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे का आरोप है कि कलेक्टर सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों से बार-बार अनुरोध किया गया कि किस तरह से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ाने एवं उच्च न्यायालय व वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश की अवमानना कर कर्मचारियों का शोषण करने का कार्य किया जा रहा है। इनके ही कारण कोरोना से दिवंगत हुए एक अध्यापक का परिवार अनुकम्पा नियुक्ति अन्य आर्थिक लाभों से वंचित है और अनेक पात्र परिजन रिश्वत न देने के कारण

### बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन मौन

अनुकम्पा नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं। इनके कारण ही 50 से अधिक कर्मचारी स्थानांतरण का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए। अब इन्होंने स्थानांतरण एवं अनुकम्पा नियुक्ति में रिश्वत वसूली के लिए विभाग के पेशेवर भ्रष्टाचारी को कार्यालय में संलग्न किया है। इन्होंने जिस व्यक्ति को विधानसभा के नाम पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न किया है, यह वही व्यक्ति है, जिसके खिलाफ वित्तीय अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर पिछले लगभग 15 वर्ष से आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में मामला चल रहा है। अभी जनवरी 2021 में एक निलंबित कर्मचारी को दोषमुक्त कराने के लिए रिश्वत मांगने कर इन्हें निलंबित किया गया था तथा उसमें संयुक्त संचालक लोकशिक्षण जबलपुर से लेकर आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल तक को बदनामी उठानी पड़ी थी। जब बिना जांच पूरी हुए ही इनको अचानक बहाल किया गया तो भ्रष्टाचार एवं दलाली के एवज में बतौर इनाम शहर के अंदर तथा इनके घर के सबसे नजदीकी विद्यालय माध्यमिक शाला नदीपार का प्रधानाध्यापक पर पदांकित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान से प्रतिनियुक्ति से पृथक किया गया था, तब भी कटनी में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ही थीं।

**यशभारत हैल्पलाइन**
**अखबार की प्रति के लिए**
**फोन करें- 230033**

**REQUIREMENT**

We require an TALLY /Busy accountant ability to work on Computer & Internet, salary from:- 7500/- To 10000/- **Contact no. 8889442227**
**Mail id- shaktiindustries @ yahoo.co.in**

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 11 को

**कटनी।** कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. द्वारा उपभोक्ताओं को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी जा रही है कि गणेश चौक प्रांगण में 11 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें शहर संभाग कटनी के अंतर्गत वितरण केन्द्र शहर-1, शहर-2, खिरहनी-1, खिरहनी-2, ग्रामीण-1, ग्रामीण-2 एवं माधवनगर के उपभोक्ताओं की विद्युत बिल एवं मीटर संबंधी समस्त प्रकार की शिकायतों का नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।

## हॉकी खिलाड़ी सूरज कनौजिया नहीं रहे



**कटनी।** हाकी में कटनी शहर एवं आयुधनिर्माणी कटनी की ओर से शिरकत करने वाले सेवानिवृत्त शिवनगर कटनी निवासी सूरज प्रसाद कनौजिया का 70 वर्ष की आयु में आज रात्रि को देवलोक गमन हो गया है। वे विगत दो महिने से फेफड़े के संक्रमण से ग्रसित इंदौर में इलाजरत थे। गायत्री योगानुसंधान केंद्र सुक्खन उस्ताद अखाड़ा के साथ विभिन्न संस्थानों के माध्यम से समाज सेवा करने वाले श्री कनौजिया पूर्व पार्षद अरुण लता कनौजिया के अग्रज थे।

# देश की आजादी में आदिवासियों का अभूतपूर्व योगदान



**कटनी।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला (शहर) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट व कांग्रेसजनों ने आदिवासी बाहुल्य बिरसा मुण्डा वार्ड में आदिवासी बस्ती में आदिवासी भाई-बहनों से संपर्क किया और उनको संबोधित किया। इस अवसर पर मिथलेश जैन ने कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसने आदिवासी भाई, बहनों को आरक्षण देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़कर जल, जंगल, जमीन पर उन्हें अधिकार दिलाया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष गिरीश गर्ग एडवोकेट ने शहीद बिरसा मुण्डा के जीवन पर प्रकाश डाला । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सोनी एवं राकेश द्विवेदी (गुड्डू) ने देश की आजादी व विकास में आदिवासी भाई बहनों के योगदान को उल्लेखित किया। सभा को तुलाराम गोटिया, पूर्व पार्षद श्रीमती कौशिल्या बाई, आदिवासी नेता अजय गोटिया, संजय गौतम, ओम प्रकाश (मुन्ना) कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कोमलकांत तिवारी, भसालू कोल, नन्ही बाई गोटिया एवं अन्य आदिवासीजनों की उपस्थिति रही।

### आदिवासी बाहुल्य बिरसा मुण्डा वार्ड में पहुंचकर कांग्रेसजनों ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम निखिल कुमार पंजवानी था, किंतु अब मुझे मेरे नये नाम निखिल पंजवानी पिता श्री राजेश पंजवानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**पुराना नाम- निखिल कुमार पंजवानी**
**नया नाम- निखिल पंजवानी**
**पता- संत कंवर वार्ड खैबर लाइन माधवनगर, कटनी (म.प्र.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व में मेरा नाम कंचन मोटवानी पिता श्री संतोष था, जो कि विवाहोपरांत बदलकर श्रीमति सिमरन ठारवानी पति मोहित ठारवानी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नये से जाना व पहचाना जाए ।
**पुराना नाम-कंचन मोटवानी**
**नया नाम- श्रीमति सिमरन ठारवानी**
**पता- 27 आचार्य कृपलानी वार्ड कटनी (म.प्र.)**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# कोरोनाकाल जैसे मुश्किल समय में सहारा साबित हुई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

## जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम दादर सिंहुड़ी के रहवासी, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जता रहे आभार

कटनी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आज जिले की सभी 472 उचित मूल्य की दुकानों पर आज एक साथ मुख्य अतिथियों की मौजूदगी में नि:शुल्क राशन का वितरण किया गया। कटनी जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की आदिवासी बाहुल्य ग्राम दादर सिंहुड़ी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कोविड-19 महामारी के दौरान जरूरतमंद गरीब परिवारों के लिए संजीवनी साबित हुई है। कोरोना संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान जब लोग अपने घरों के बाहर नही निकल पा रहे थे, तब इस योजना के तहत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोगों को अतिरिक्त नि:शुल्क अनाज का वितरण किया गया। जिस पर जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम दादर सिहुदी के ग्रामीण, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त कर रहे हैं।



जिले के ढीमरखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दादर सिंहुड़ी, आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। जहां पर ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य साधन वन उत्पाद एवं मजदूरी है। कोरोना संक्रमण काल की पहली और दूसरी लहर के दौरान जब लॉकडाउन लगा, तब सभी की रोजी-रोटी का जरिया उनसे छूट गया। कुछ बाहर मजदूरी करने गये, वे भी काम धंधे बंद होने से अपने घरों पर लौट आये। इस आपदा के दौरान विपरीत परस्थितियों में घरों में एक वक्त की रोटी का इंतजाम करना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। इस संकट में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने इन घरों में लोगों को भूखा नहीं रहने दिया। समय पर सभी को राशन मिला और संबल भी। ग्राम दादर सिंहुड़ी निवासी निरंजन सिंह एटिया भी इन्ही लोगों में शामिल हैं, जिन्हे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अतिरिक्त खाद्यान्न मिला। जिससे उन्हें कोरोना संक्रमण काल के दौरान भरण पोषण में सहायता मिली। निरंजन सिंह बताते हैं कि हमारा गांव आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। इस गांव के चारो तरफजंगल लगा हुआ है। कोरोना काल में इस योजना के तहत जो मुफ्त राशन मिल रहा था, उससे गांव के लोग भूखे नहीं रहे। सरकार की जनहितैषी योजना के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का बहुत बहुत धन्यवाद। इस कोरोना काल में जब लोग घरों में थे, तब योजना के तहत मिल रहे नि:शुल्क खाद्यान्न ने लोगों को दो वक्त की रोटी के लिये भटकने नहीं दिया। हमारे गांव में लगभग 200 परिवार है, जिन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गेहूं और चावल मिल रहा है।



# नि :शक्तजनों के लिये जीवन का आधार बनी प्रधामंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

**दिव्यांगजनों के घरों पर पहुंचकर उपलब्ध कराया जा रहा नि :शुल्क राशन**

**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना ने जहां कोरोना संक्रमण काल के दौरान हितग्राहियों के लिये संजीवनी का काम किया है। वहीं व्यवसायिक गतिविधियां बंद होने के कारण प्रभावित हुये मजदूरों के सामने खड़े हुये रोजी रोटी के संकट में भी काफी हद तक राहत पहुंचाई है। शासन-प्रशासन ने योजना में पात्र असमर्थ वृद्धजनों व नि:शक्तजनों के लिये भी हर संभव सहायता पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिले में विशेष अभियान चलाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत ऐसे पात्र हितग्राहियों के घरों तक खाद्यान्न पहुंचाने की दिशा में कार्य जारी है, जो असहाय, वृद्ध व नि:शक्त है। इसी क्रम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत रीठी विकासखण्ड में वृद्धजनों, असहाय व नि:शक्तजनों के घरों तक थैले में नि:शुल्क राशन पहुंचाया गया। इस दौरान रीठी जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप सिंह सहित संबंधित विभाग के अमले द्वारा चिन्हित पात्रों के घरों में पहुंचकर राशन उपलबध कराया गया है।

सीईओ जनपद रीठी प्रदीप सिंह ने बताया कि रीठी ग्राम पंचायत निवासी दिव्यांग भूरा को भी उनके घर पर जाकर खाद्यान्न प्रदाय किया गया है। जिस पर हितग्राही भूरा ने शासन-प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की है। उन्होने कहा कि इन योजनाओं से हमें काफी संबल मिला है। हमारे भोजन की गारंटी सरकार ने लेकर हमारी रोजी रोटी की चिन्ता अब दूर हो गई है। इसके लिये उन्होने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का अभार भी व्यक्त किया है। वहीं रीठी ग्राम पंचायत निवासी दिव्यांग शीला के घर पर भी जब राशन पहुंचाया गया, तब शीला ने भी खुशी जाहिर की। उन्होने राशन लेकर पहुंचे लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा शरीरिक रुप से अक्षम होने के कारण अपना और परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो जाता है। प्रधानमंत्री जी ने नि:शुल्क राशन की व्यवस्था कर हम जैसे दिव्यांगजनों के लिये जीवन की कठिन राह को आसान करने का काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को इसके लिये हृदय से आभार।



# गीले एवं सूखे कचरे की दी जानकारी

**होम कंपोस्टिंग को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान**

**कटनी।** होम कंपोस्टिग को बढावा देने हेतु नगरीय निकायों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से लोगों के घरों से निकलनें वाले गीले एवं सूखे कचरा के रख रखाव की जानकारी से अवगत करानें हेतु घर घर संपर्क किया जाकर एवं विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदाय की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। होम कंपोस्टिंग अभियान को दृष्टिगत रखते हुए निगम की सहयोगी संस्था द्वारा आज प्रातः बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर के रहवासियों के घर घर संपर्क कर गीले कचरे के द्वारा खाद बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराकर घरों से निकलने वाले कचरे की मात्रा को कम करनें हेतु घर पर ही जैविक खाद बनानें तथा निर्मित खाद का उपयोग घरों के गमलों एवं बगिया में करने करने हेतु जागरूक किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने स्वच्छ कटनी स्वस्थ्य कटनी की परिकल्पना हेतु चलाये जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

## सर्व शिक्षा अभियान संविदा कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** सर्व शिक्षा अभियान संविदा कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश जिला ईकाई कटनी द्वारा विगत दिवस सांसद व्ही डी शर्मा से मुलाकत करते हुए अपनी मांगो के संबंध में अवगत कराया गया एवं साथ ही बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए चर्चा की। ज्ञापन में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी विगत कई वर्षों से संविदा के पद पर कार्य कर रहे हैं, जबकि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल की नीति अनुसार रिक्त पदों में संविलियन कर नियमित करने के आदेश जारी किये गये है लेकिन विभाग द्वारा कार्यवाही लंबित है। सांसद से मांग की गई है कि संबंधित विभाग को नियमित करने के लिए आदेशित किया जाए। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, जिससे संविदा अधिकारी कर्मचारियों का भविष्य निश्चिंत हो एवं परिवार का भरण पोषण करते हुए शासकीय कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ सम्यक निर्वहन कर सके, साथ ही समस्त कर्मचारियों को 2017 से 7वा वेतनमान और ऐरियर्स का लाभ दिया जाए। नियमितीकरण के सबंध में सांसद एवं विधायक द्वारा सारगर्मित निर्णय हेतु आश्वासन दिया गया। सर्व शिक्षा अभियान संविदा कर्मचारी संघ जिला ईकाई कटनी द्वारा प्रदेश के नेत्रित्व में विधायकों से मिलकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौंपते समय अनिल त्रिपाठी जिलाध्यक्ष, शेख अफरोज उपाध्यक्ष, ज्योति अग्निहोत्री उपाध्यक्ष, कल्पना दुबे तकनीकी सलाहकार, उषा उपध्याय, रूकमणी तिवारी, सचिव कोमल प्रसाद कोल, सविता अग्रवाल, आशा सिंह एवं श्यामदास बैरागी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्रों को कलेक्टर कार्यालय से मिला प्रमाणपत्र



**कटनी।** प्रधानमंत्री कौशल केंद्र द्वारा प्रशिक्षित गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत प्रवासी श्रमिकों के हितग्राहियों को कलेक्टर सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में सांसद बी डी शर्मा, विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ जेसी गोमे द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए साथ ही प्रधान मंत्री कौशल केंद्र प्रबंधक वेद प्रकाश द्वारा सांसद से प्रधानमंत्री कौशल केंद्र कटनी में भ्रमण हेतु अनुरोध भी किया गया जिन्हें उन्होंने सहज ही स्वीकार किया एवं भविष्य में भ्रमण करने का आश्वासन भी दिया।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में मनाया गया अन्न उत्सव कार्यक्रम





**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत नि:शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण हर्षोल्लास के साथ शनिवार को नगर की समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के आतिथ्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों व हितग्राहियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वर्चुअल कार्यक्रम को देखा व सुना गया। वर्चुअल कार्यक्रम के अपरान्त मुख्य अतिथियों के आतिथ्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राशन दुकानों में उपस्थित पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क खाद्यान्न थैले में रखकर प्रदाय किया गया। निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव के आतिथ्य में सावरकर वार्ड शासकीय उचित मूल्य की दुकान तथा अन्य अतिथियों के आतिथ्य में नगर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को खद्यान्न का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से एन.एफएस.ए. के सभी हितग्राााहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह नि:शुलक खाद्यान्न वितरण मई 2021 से नवंबर 2021 तक किया जा रहा है। हितग्राहियों को योजना के प्रति जागरूक बनाने हेतु आज प्रधानमंत्री गरीब अन्न उत्सव योजना का आयोजन किया गया। योजनान्तर्गत प्रत्येक माह की 7, 8, एवं 9 तारीख को उन्न उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा तथा नगरीय सीमा की समस्त 63 उचित मूल्य की दुकानों से पात्र परिवारों को 5 किलो गेहूं एवं चावल प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह के मान से दिया जायेगा। वार्ड क्रमांक-07 गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में भी शासन की इस योजना का लाभ हितग्राहियों को मिला। यहां क्षेत्र की पूर्व पार्षद एवं एल्डरमेन शिल्पी सोनी की मौजूदगी में हितग्राहियों को अनाज के थैले वितरित किये गये।

# नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठकों का सिलसिला जारी

## जिला न्यायाधीश ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय श्री श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में तथा दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश/सचिव की अध्यक्षता में शनिवार 7 अगस्त को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में आगामी नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर 2021 को सफल बनाये जाने तथा अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समस्त बैंक प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सचिव व जिला न्यायाधीश श्री नोटिया द्वारा नेशनल लोक अदालत में बैंक के राजीनामा योग्य प्रकरणों में सूचना पत्र की तीव्र तामीली करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक एवं बैंकों से पधारे अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गहोई वैश्य पंच परिषद के नवनिर्वाचित पंचो एवं महाकौशल क्षेत्रीय सभा के पदाधिकारियों का सम्मान

**कटनी।**

श्री गहोई वैश्य पंच परिषद की महाकौषल क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ गहोई वैष्य पंचायती भवन में सरपंच डा.हजारी लाल नौगरहिया की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें सभी पंचो की उपस्थिति रही। इस मीटिंग में जबलपुर से महाकौषल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष सतीश सेठ एवं गाडरवारा से सभा के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार नीखरा का आगमन हुआ। क्षेत्रीय सभा के पदाधिकारियों द्वारा कटनी जिले के नवनिर्वाचित सभी पंचो का तिलक लगाकर एंव परिजात के पौधे देकर सम्मान किया गया एंव कटनी पंच परिषद द्वारा भी क्षेत्रीय पदाधिकारियों का तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिये क्या-क्या कार्य किये जायें,इसको लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंच का संचालन पंच एंव अखिल भारतीय वरिष्ठ संघ के प्रचार मंत्री सी0पी0 बरसैया ,द्वारा किया गया एंव आभार प्रदर्शन सचिव अषोक सेठिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच डा.हजारी लाल नौगरहिया, वरिष्ठ उप सरंपच एवं महाकौषल क्षेत्रीय सभा के उप मंत्री ओंकार प्रसाद बहरें, कनिष्ठ उप सरपंच डा. अशोक चौदहा, सचिव अशोक सेठिया, सह सचिव उमाशंकर सुहाने, कोषाध्यक्ष, सुरेश नौगरहिया, प्रचार मंत्री राजकुमार लहरिया, पंच पुरुषोत्तम दास सोनी, ओमप्रकाष टुड़हा, ओमप्रकाश छिरौल्या, बिहारी लाल सोनी, राजेश बरसैया, ज्योति प्रकाश नगरिया, सी0पी0बरसैया, ओमप्रकाश तपा, धरमदास चौदहा, कमलेश बडेरिया,एवं राजाराम महतेले,पंच परिषद के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त ने सौपें दायित्व







**कटनी।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त 2021 को आयोजित होनें वाले समारोह हेतु आयोजित बैठक में लिये गए निर्णय अनुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय का मुख्य समारोह पुलिस लाईन झिंझरी कटनी में किया जाना है। निगमायुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जाकर कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। निगमायुक्त नें स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु नगर पालिक निगम कटनी से संबंधित संपूर्ण कार्यव्यवस्थाओं के लिए प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाकर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करानें हेतु निगम की अलग अलग शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपे जाकर निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर्व पर पुरानी कचहरी परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्तंभों की साफसफाई पेंटिंग/सुभाष चौक, जवाहर चौक, जयहिंद चौक, शहीद द्वार, जय स्तंभ सहित नगर के जिन स्थलो पर परम्परागत रूप से ध्वजारोहण होता है उन स्थलों की साफसफाई एवं पुताई, कार्यक्रम स्थल पर लेवलिंग कार्य, बेरीकेटिंग कार्य में सहयोग प्रदान कर दीवारों की मरम्मत एवं पुताई, वाटर प्रूफपंडाल, ध्वज दण्ड पेंटिंग एवं चबूतरे की साज सज्जा, शामियाना, व्ही.आई.पी चेयर्स, सोफा सेट, फोल्डिंग चेयर्स, पुरस्कार वितरण दल एवं उद्घोषक हेतु टेबिल कुर्सी, बेट्री युक्त माईक, जनरेटर एवं नगर के मार्गो के गढढों की फिलिंग हेतु निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज, पुष्प, नायलोन की रस्सी, फूल माला, आमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, पुरूस्कार व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं कारगिल में शहीद के परिजनों का उनके निवस में जाकर सम्मान करनें हेतु शाल श्रीफल की व्यवस्था हेतु मुख्य स्टेर्स के अधिकारियों कर्मचारियों को, नगर के जिन स्थलो पर परम्परागत रूप से ध्वजारोहण होता है उन स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों, स्मारकों विद्यालयों, राष्ट्रीय स्मारकों की साफसफाई, मुख्य समारोह स्थल एवं पहुंच मार्गो कीसफाई कीटनाशक दवा का छिडकाव, चूने की लाईनिंग, सेनेटाईजेशन हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गए है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नियमानुसार सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों निगम कार्यालय तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन कचहरी पर आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, फायर ब्रिग्रेड व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, जागृति पार्क एवं शासकीय ,अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं, रिहर्सल स्थल पर पेयजल एवं काउन्टर की व्यवस्था, शहर के मुख्य मार्गो में एवं कार्यक्रम स्थल पहुच मार्ग अतिक्रमण मुक्त रखनें, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों को समय पर आमंत्रण पत्र वितरण, कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करानें हेतु निगम की अलग अलग शाखओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये जाकर निर्धारित समयावधि में दायित्वों को पूर्ण करनें के निर्देश प्रदान किये है।

## सावन के तृतीय सोमवार को मंदिरों में भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजन, कई जगह शिवलिंग निर्माण के साथ निकली कांवड़ यात्रा






सावन सोमवार पर आज मंदिरों में श्रृद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मधईमंदिर में शिवलिंग निर्माण कर पूजन अर्चन के साथ ही रूद्राभिषेक किया गया। ब्राह्मण सत्संग भवन में भी पूजन एवं अभिषेक हुआ। सामर्थय युवाशक्ति द्वारा आजाद चौक से मधईमंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाली गई।

# रीठी में सटोरियों पर कार्रवाई से हड़कंप

## पांच गिरफ्तार, सट्टा पट्टी व नगद रूपए जप्त



**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टा पट्टी काट रहे पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से नगद रूपए व भारी मात्रा में सट्टा पट्टी बरामद की गई हैं। रीठी पुलिस की इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में सट्टा खिला रहे सटोरियों में हड़कंप है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रीठी पुलिस को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में कटनी तरफ से कुछ युवक आकर सट्टा खिला रहे हैं।

मुखबिरों से मिल रही इन सूचनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में गतदिवस ग्राम निर्टरा, धनौरा व रीठी में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान ग्राम निर्टरा निवासी 32 वर्षीय रोहित सिंह पिता गजराज सिहं के पास से 570 रुपए व सट्टा पट्टी, 33 वर्षीय शंभू उर्फ सुखपाल पिता प्रहलाद सिहं से 580 रुपए व सट्टा पट्टी, चांडक चौक कटनी निवासी 37 वर्षीय जगदीश पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी से 830 रुपए व सट्टा पट्टी, कुशवाहा नगर कुठला निवासी 45 वर्षीय बंटी उर्फ संतोष पिता बालाप्रसाद कुशवाहा से 640 रुपए व सट्टा पट्टी तथा रीठी निवासी 34 वर्षीय बंटी उर्फ सुमित पिता दीवेन्द्र कुमार मांझी से 3220 रुपए व सट्टा पट्टी जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरूद्ध 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में सटोरियों के विरूद्ध कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी प्रधान आरक्षक गणेशदत्त मिश्रा, जयचंद उइके, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक भोलाराम गुप्ता, भोलेशंकर हल्दकार व आरक्षक अर्चना गुप्ता की भूमिका रही।

## एनकेजे में मजदूरी करते मिली रीठी से लापता किशोरी

**आपरेशन मुस्कार के तहत पुलिस को मिली चौथी सफलता**

**कटनी।** आपरेशन मुस्कार के तहत रीठी पुलिस को थाना क्षेत्र के लापता चौथी नाबालिग किशोरी को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। किशोरी जून 2020 से लापता थी तथा परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का मामला भी दर्ज किया था। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में पुलिस ने लापता किशोरी की पतासाजी शुरू की तो उसके उत्तर प्रदेश के शामली जिले में होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना की तस्दीक करने रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जी.पी.शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक सूरलाल उइके उत्तर प्रदेश पहुंचे तो वहां पता चला कि किशोरी दीगर प्रदेश में रहने उपरांत एनकेजे क्षेत्र में कहीं रहकर मजदूरी कर रही है। जिसके बाद एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, आरक्षक आरिफ, चंद्रेश, विजय राणा, दीपक तिवारी युवती की पतासाजी में जुटे और उसे दस्तयाब कर रीठी पुलिस के सुपुर्द किया। जिसके बाद रीठी पुलिस ने किशोरी को सकुशल परिजनों को सौंप दिया। किशोरी को दस्तयाब करने में सहायक उपनिरीक्षक बालगोविन्द प्रजापति, आरक्षक रमेश सिंह, महिला आरक्षक सुसमिता उइके व साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत विश्वकर्मा की भी भूमिका रही।

## चोरी करने से मना करने पर गार्ड की पिटाई

**अमेहटा एसीसी प्लांट में घटना**




**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम अमेहटा स्थित एसीसी के निर्माणाधीन प्लांट की बाउड्रीवाल फांद कर चोरी करने घुसे दो युवकों ने विरोध करने पर एक गार्ड की पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत खरखरी गांव निवासी विनीत शुक्ला एसीसी अमहेटा प्लांट में गार्ड है। 6 अगस्त की रात एसीसी अमेहटा प्लांट में अमर और जानी नामक दो युवक अमेहटा प्रोजेक्ट की बाउंड्री के अंदर घुस कर लोहे एंगल की चोरी का प्रयास कर रहे थे, जिस पर गार्ड ने मना किया। जिसके बाद अमर और जानी ने गार्ड की पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक पर चाकू से हमला



**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हिरवारा में एक युवक पर चाकू से हमला होने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हिरवारा गांव निवासी सुभाष बर्मन को शुभम तिवारी नामक युवक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू से हमले की वजह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## माधवनगर राबर्ट लाइन में पटरी से उतरी साफ सफाई व्यवस्था

**नालियां चोक होने से रहवासी परेशान**



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के संत कंवरराम वार्ड के राबर्ट लाइन क्षेत्र में नालियों की साफ सफाई न होने से रहवासी परेशान हैं। यहां न तो रोज साफ सफाई हो रही है और न ही महिनों नालियां साफ की जा रही हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम आयुक्त का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए क्षेत्र में नालियों सहित प्रतिदिन साफ सफाई कराने व प्रतिदिन कचरा गाड़ी से कचरा संग्रहित कराए जाने की मांग की है।

# मांगों को लेकर कल हड़ताल पर रहेंगे विद्युत कंपनी के इंजीनियर

**कार्यालय नहीं जांएगे और मोबाइल भी रखेंगे बंद,सरकार और प्रबंधन पर आरोप : कंपनियों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी**

**कटनी। अपनी जायज मांगों को लेकर विद्युत वितरण कंपनी के इंजीनियर कल 10 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। इससे विद्युत वितरण कंपनी के कामकाज पर असर पड़ सकता है। मप्र यूनाईटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एवं इंजीनियर्स की कटनी इकाई ने भी प्रांतव्यापी आव्हान पर एक दिवसीय कार्य बहिष्कार हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली है।**



फोरम में जिला संयोजक अजय नामदेव ने बताया कि मप्र यूनाईटेड फोरम फॉर पॉवर एम्पलाइज एवं इंजीनियर मप्र की सभी उत्तरवर्ती कम्पनियों के प्रमुख संगठनों का एक संयुक्त संगठन है, जो कि प्रदेश की विद्युत कम्पनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं एवं जायज मांगों के संबंध में समय समय पर प्रशासन एवं प्रबंधन को अवगत कराकर उनके सार्थक समाधान निराकरण हेतु सदैव प्रयासरत रहता है लेकिन इंजीनियरों की जायज मांगों का आज तक निराकरण नहीं किया गया। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यही कारण है कि मप्र यूनाईटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर कटनी इकाई द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रांतव्यापी आव्हान पर कल 10 अगस्त को कार्य बाहिष्कार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बताया जाता है कि हड़ताल के तहत बिजली कंपनी के इंजीनियर कार्यालय नहीं पहुंचेंगे और मोबाइल भी बंद रखेंगे। बिजली कंपनी में इंजीनियर व कर्मचारी लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज हैं। इनका आरोप है कि आने वाले समय में बिजली कंपनियों का निजीकरण करने की योजना है। इसी की खातिर विद्युत संशोधन बिल लाया जा रहा है। यह बिल पास हुआ तो कंपनियों को निजी हाथों में दे दिया जाएगा। इससे कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे।


**नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी**

एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

B.Ed. D.Ed.

संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी

मो.9752540630, 9302465246, 7509046981

**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी**

College Code 740(8) F/A200153

मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा )

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश

संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph: 07622-405074, Mob. 7771001902

Email : mgmnursingkte@gmail.com
Website: mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें: डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक Bsc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में Bsc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वी (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वी |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त- इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।

SC/ST/OBC



कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, जिला-कटनी (म.प्र.)




**सिटी मॉल बरही रोड में**



इंतजार की घड़ियां समाप्त अब बड़े पर्दे पर देखिए

हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 05 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

आगामी आकर्षण ता. 13 से THE CONJURING

THE SUICIDE SQUAD

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)